

वैभव को टीम के साथ ज्यादा समय बिताना चाहिए। अनुभवी खिलाड़ियों के साथ समय बिताने और इस स्तर पर ट्रेनिंग करने से युवा खिलाड़ी के क्रिकेट के लिए काफी फायदा होगा।

– मोर्ने मोर्केल

भारतीय गेंदबाजी कोच, वैभव सूर्यवंशी को सलाह देते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सौरव गांगुली



इंडियन प्रीमियर लीग 2027 सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपनी टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। गांगुली 2019 में एडवाइज़र के तौर पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े थे। अपनी नियुक्ति पर सौरव गांगुली ने कहा कि वह हेड कोच की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं और दिल्ली कैपिटल्स उनके दिल के बहुत करीब है। उन्होंने मालिकों, मैनेजमेंट, स्टाफ और खिलाड़ियों के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव का ज़िक्र किया। नए सीज़न के लिए एक मज़बूत और निडर टीम बनाने के लिए उत्सुक हैं।

क्या आप जानते हैं ?... एथलेटिक्स में भारत ने सबसे ज्यादा 24 पदक जीते। इसके अलावा हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती और गोल्फ में भी भारत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

2036 ओलंपिक खेल भारत समेत 7 देश नंवबर में आईओसी के सामने रखेंगे मेजबानी का दावा



लुसाने, 6 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मंगलवार को कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत सात देशों ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रूचि दिखाई है और उन्हें नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करने के लिये बुलाया गया है। आईओसी ने कहा कि प्रोजेक्ट का आकलन कई तकनीकी पहलुओं पर किया जायेगा जिनमें आयोजन स्थलों का मास्टर प्लान और खिलाड़ियों का अनुभव, फंडिंग को लेकर रणनीति, राजनीतिक और जनता का समर्थन, मेजबानी की क्षमता और मेजबान समुदायों को दीर्घकालिन फायदे पहुंचाने वाली विरासत रणनीति शामिल है। आईओसी ने इन 'प्रेजेंटेशन' के लिये कोई निश्चत समय सीमा नहीं बताई। आईओसी ने एक बयान में कहा ,'' इच्छुक पक्ष आईओसी से लगातार संवाद कर रहे हैं और 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा रखने वाले देश हैं : जर्मनी, हंगरी, भारत, कतर, कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये।' इसमें आगे कहा गया ,''कई राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) 2036 के बाद होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ शुरूआती बातचीत में शामिल है। इच्छुक पक्षों को नवंबर में 'फ्यूचर होस्ट कमीशन' के सामने अपना प्रोजेक्ट पेश करने के लिये आमंत्रित किया गया है।'' आईओसी ने कहा कि 31 अक्टूबर के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिये किसी और इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जायेगा। पहली बार ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने वाले भारत ने अहमदाबाद को मेजबानी के लिये चुना है। भारत ने 2024 में ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जताने संबंधी आशय पत्र सौंप दिया था। इसके बाद आईओसी की नयी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने मेजबान चयन प्रक्रिया रोक दी थी और कहा था कि प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिये सदस्य देशों से राय ली जायेगी। 2036 ओलंपिक के मेजबान का ऐलान 2029 के मध्य में किया जायेगा।

कार्लोस अल्काराज ने जापान ओपन का खिताब जीता

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। कार्लोस अल्काराज ने चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए मंगलवार को टोक्यो में जापान ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया। दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अल्काराज ने फाइनल में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 7-6 (4), 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है। यह जीत अल्काराज के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि कलाई की चोट के कारण वह अप्रैल में बार्सिलोना टूर्नामेंट के बाद सीधे अगस्त के आखिर में अमेरिकी ओपन में लौटे थे। टोक्यो में खेला गया यह उनकी वापसी के बाद सिर्फ दूसरा टूर्नामेंट था। ऐसे में खिताब जीतना उनके लिए फिटनेस और आत्मविश्वास दोनों के लिहाज से बड़ी राहत माना जा रहा है।

घुटने की चोट के कारण 2026 के बाकी सत्र से बाहर हुए विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सिनर



नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने मंगलवार को दाहिने घुटने की चोट के कारण 2026 सत्र के बाकी बचे टूर्नामेंटों से हटने की घोषणा की। 25 वर्षीय इटली के सिनर ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में यह जानकारी दी। सिनर ने कहा, मुझे अपने घुटने के इलाज का एक चरण पूरा करना है, जिसका मतलब है कि 2026 सत्र आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया है। सिनर जुलाई में लगातार दूसरी बार विंबलडन खिताब जीतने के बाद से ही प्रतिस्पर्धी टेनिस से दूर हैं। घुटने की चोट के कारण अब वह इस सत्र में दोबारा कोर्ट पर नहीं उतरेंगे। सत्र के बाकी हिस्से से हटने के फैसले का मतलब है कि सिनर सत्र के अंत में तूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स में लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश भी नहीं कर पाएंगे। सिनर ने कहा, पिछले कुछ वर्षों, खासकर तूरिन में सत्र के अंत ने मुझे बहुत खूबसूरत एहसास और भावनाएं दी हैं। इस साल चीजें काफी अलग होने वाली हैं लेकिन इस समय मुझे अपने लंबे करियर के बारे में भी सोचना होगा।

फ्रांस ने बेल्जियम को 4-1 से हराया

पेरिस, 6 अक्टूबर। फ्रांस ने सोमवार को नेशंस लीग 2026-27 के ग्रुप ए1 मुकाबले में बेल्जियम को 4-1 से हराकर शानदार वापसी की। फ्रांस की यह जिदान के मुख्य कोच बनने के बाद घरेलू मैदान पर पहली जीत है। वहीं इटली ने तुर्किये को 3-1 से हराकर लगातार तीसरे मैच में अजेय रहने का सिलसिला जारी रखा।

सहरिया कॉलेज जीती

चौमूं / कालाडेरा, 6 अक्टूबर। कस्बे में स्थित सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में पहली बार राजस्थान विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी वेटलिफ्टिंग (महिला एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता- 2026 का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को जयपुर एवं दौसा जिले के 28 महाविद्यालयों के महिला एवं पुरुष वेटलिफ्टरों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी ताकत, तकनीक और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

अय्यर के शतकीय तूफान में उड़ी वेस्टइंडीज टीम

भारत ने लखनऊ में 8 विकेट से दर्ज की 'नवाबी जीत'



लखनऊ, 6 अक्टूबर। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारर ने मंगलवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 8 विकेट से नवाबी जीत जर्ज की। वेस्टइंडीज ने 172 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 14.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर चेज किया।

वेस्टइंडीज टीम अय्यर के शतकीय तूफान में उड़ गई। उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 6 सिक्स हैं। यह उनका टी20 इंटरनेशनल में पहला शतक है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की लेकिन अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन बड़ी पारी नहीं खेल पाए। दोनों ने 2.3 ओवर में 29 रन जोड़े। अभिषेक ने 10 गेंदों में 21 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और छक्का है। सैमसन ने 9 गेंदों में एक चौके जरिए 11 रन बटोरे। इसके बाद, अय्यर और ईशान ने बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 137 रनों की अटूट साझेदारी की। ईशान ने 27 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उनके बल्ले से पांच चौके निकले। इससे पहले, वेस्टइंडीज की टीम 19.1 ओवर में 171 रन पर सिमटी। मेहमान टीम के लिए शेरफेन रदरफोर्ड (34 गेंदों में 56, छह चौके और तीन छक्के) ने सर्वाधिक रन बनाए।

टॉस गंवाने के बाद वेस्टइंडीज ने सधी हुई शुरुआत की। कामिल पूरन (11 गेंदों में 12) ने कप्तान शाई होप के साथ 38 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। शिमरॉन हेटमायर 5 रन बनाकर रनआउट हुए जबकि रोवमैन पॉवेल शून्य पर लौटे। वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर 44 रन जुटाए। होप ने 37 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। उन्होंने रदरफोर्ड के संग चौथे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। रोस्टन चेस के बल्ले से पांच रन निकले। 114 रनों तक वेस्टइंडीज की आधी टीम ढेर हो गई। रोमारियो शेफर्ड (7), मैथ्यू फोर्ड (2) और शमर स्प्रिंगर (9) भी सस्ते में लौटे। रदरफोर्ड 19वें ओवर में मयंक के जाल में फंसे। अकील हुसैन (15) वेस्टइंडीज की ओर से आउट होने वाले आखिरी प्लेयर रहे।

हरमनप्रीत कौर ने सभी प्रारूपों में छोड़ी भारत की कप्तानी



नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एकदिवसीय विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सभी प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। हरमनप्रीत 2018 से पूर्णकालिक टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान और 2022 से एकदिवसीय कप्तान थीं। टेस्ट क्रिकेट में भी वह भारत की कप्तान थीं। उन्होंने महान खिलाड़ी मिताली राज के बाद टीम की कमान संभाली थी। हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर अपने भावुक संदेश में लिखा, आज मैं सभी प्रारूपों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी से हट रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। मैंने इस टीम और भारतीय महिला क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है-अपना खून, अपना पसीना, अपना समय और कई बार अपने खेल तथा निजी महत्वाकांक्षाओं का एक हिस्सा भी। ऐसे मौके आए जब मुझे अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन, अपने विकास और अपने लिए जो कुछ चाहती थी, उसे पीछे रखना पड़ा, क्योंकि मेरा मानना था कि टीम को हमेशा सबसे पहले रखना चाहिए।''

बीसीसीआई ने अजीत अगरकर का कार्यकाल पूरा होने पर चयन समिति पद के लिए मांगे आवेदन



नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को पुरुष चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए। यह पद चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हुआ है। अगरकर का कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त हुआ। इस पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने 18 सितंबर को बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के शुरू होने से ठीक पहले बोर्ड को सूचित कर दिया था कि वह अपने अनुबंध का विस्तार नहीं चाहते हैं। पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा फिलहाल पुरुष टीम की चयन समिति के अंतरिम अध्यक्ष हैं। शिव सुंदर दास, अजय रात्रा और आरपी सिंह चयन समिति के अन्य मौजूदा सदस्य हैं।

बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''भारतीय क्रिकेट बोर्ड अपनी पुरुष चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।'' पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर है। चालीस वर्षीय ओझा ने 24 टेस्ट खेले हैं। यदि बीसीसीआई जिस उम्मीदवार को इस पद के लिए चुनता है उसने बाएं हाथ के इस पूर्व स्पिनर से कम टेस्ट मैच खेले हैं तो वरिष्ठता के आधार पर ओझा को पूर्णकालिक मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। यदि चयन समिति में शामिल होने के लिए चर्चा में चल रहे पार्थिव पटेल को नियुक्त किया जाता है तो वरिष्ठता के मामले में वह ओझा से आगे निकल जाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव ने भारत के लिए 25 टेस्ट खेले हैं। बोर्ड ने आवेदकों के लिए समान पात्रता मानदंड रखे हैं।

उम्मीदवार ने कम से कम सात टेस्ट, 30 प्रथम श्रेणी मैच या 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले होने चाहिए। इसके अलावा उनके लिए कम से कम पांच साल पहले क्रिकेट से संन्यास लेना अनिवार्य है। बीसीसीआई ने कहा, ''कोई भी व्यक्ति जो बीसीसीआई के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन और नियमों में परिभाषित किसी क्रिकेट समिति का कुल मिलाकर पांच साल की अवधि तक सदस्य रहा है, वह पुरुष चयन समिति का सदस्य बनने के लिए पात्र नहीं होगा।'' बीसीसीआई में प्रत्येक क्षेत्र से एक चयनकर्ता नियुक्त करने की व्यवस्था अब अनिवार्य नियम नहीं रह गई है। हाल में पुरुष चयन समिति में एक ही क्षेत्र से दो चयनकर्ता भी एक साथ शामिल रहे हैं।

हरमनप्रीत के नेतृत्व का भारतीय क्रिकेट के इतिहास में विशेष स्थान : मन्हास

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सभी प्रारूपों की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। इसके साथ ही एक दशक से अधिक समय तक चली उनकी नेतृत्व यात्रा का समापन हो गया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 2025 महिला क्रिकेट विश्व कप की ऐतिहासिक जीत उनके कप्तानी कार्यकाल का सबसे बड़ा पड़ाव रही। हालांकि, 36 वर्षीय हरमनप्रीत खिलाड़ी के रूप में भारतीय टीम में योगदान देती रहेंगी। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने हरमनप्रीत के नेतृत्व को भारतीय क्रिकेट के इतिहास में विशेष स्थान वाला बताया। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत ने ऐसे समय टीम की कमान संभाली। जब महिला क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा था।


सितंबर माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ नामित हुए गिल और अभिषेक

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। सितंबर माह के आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए भारत के शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा को जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा के साथ नामित किया गया है। महिला वर्ग में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू, भारत की श्री चरणी और शेफाली वर्मा को जगह मिली है।

अभिषेक शर्मा ने सितंबर में चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 30 गेंदों में शतक भी शामिल है। वहीं, शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों में 333 रन बनाए, जिसमें उनका दूसरा दोहरा शतक भी शामिल रहा। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल पांचवीं बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीतने की दौड़ में हैं। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में 110 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने केवल 133 गेंदों में 223 रन की तूफानी पारी खेलकर सबसे तेज एकदिवसीय दोहरा शतक बनाया। उनकी पारी की बदौलत भारत ने 406 रन के विशाल लक्ष्य को आठ विकेट शेष रहते और 39 गेंद पहले हासिल कर लिया।

70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज



जयपुर, 6 अक्टूबर। न्यू राहुल पब्लिक स्कूल, सिरसी में 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत 11 वर्ष से कम आयु वर्ग के मुकाबलों का भव्य शुभारंभ हुआ। जिलेभर से पहुंचे नन्हे खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डी और जिम्नास्टिक में फुर्ती, कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि हीरानंद कटारिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दुलाराम चौधरी सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विद्यालय निदेशक आर.पी. चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

सवाई मान गार्ड कप (8 गोल्स) आज से शुरू

जयपुर, 6 अक्टूबर। जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अलगे टूर्नामेंट सवाई मान गार्ड कप (8 गोल) की बुधवार, 7 अक्टूबर से शुरुआत होगी। टूर्नामेंट में 4 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जिसमें टीम स्टर्नहेगन, नेवी पोलो, मेफेयर पोलो और टीम जयपुर शामिल है। 7 अक्टूबर को पहला मैच शाम 4.30 बजे से पीपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा, जिसमें टीम स्टर्नहेगन का सामना नेवी पोलो से होगा। जबकि, दिन के दूसरे मुकाबले में टीम मेफेयर पोलो और टीम जयपुर आमने-सामने होंगी। यह मैच नाइट पोलो में 7 बजे से राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट में स्टर्नहेगन की टीम में एलन शॉन माइकल, अशोक चांदना, डीनो धनखड़ और डेन जोशुआ स्ज़ासार शामिल हैं। नेवी पोलो की ओर से सीपीओ अल्ताफ खान, लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान और कैप्टन ए.पी. सिंह खेलेंगे। मेफेयर पोलो टीम में अनय शाह, प्रताप सिंह कानोता, हुर्र अली और शमशीर अली शामिल हैं। वहीं, जयपुर की टीम से विश्वराज सिंह राठौड़, कुलदीप सिंह राठौड़, मार्टिन कार्लोस डोनोवन और पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर मैदान में उतरेंगे। इस कड़ी में, गुरुवार 8 अक्टूबर को और शुक्रवार 9 अक्टूबर को क्रॉस सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। 9 अक्टूबर को नाइट पोलो में राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर 7 बजे से इवोक 2026 एग्जीबिशन मैच भी आयोजित किया जाएगा। सवाई मान गार्ड कप (8 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल फ्लडलाइट्स में शनिवार, 10 अक्टूबर को शाम 7 बजे से राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला जाएगा। इसके अतिरिक्त, रविवार, 11 अक्टूबर को नाइट पोलो में ही राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर 7 बजे से मेयो पोलो कप 2026 के लिए मुकाबला होगा।

एमजीडी में ऑल इंडिया आईपीएससी गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट शुरू



जयपुर, 6 अक्टूबर। महारानी गायत्री देवी (एमजीडी) गर्ल्स स्कूल में ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम की पूर्व कप्तान व कोच मिस शीबा मैग्गोन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत में स्कूल बैंड और एनसीसी कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद सभी प्रतिभागी टीमों के आकर्षक मार्च पास्ट के साथ मुख्य अतिथि ने विधिवत रूप से टूर्नामेंट के शुरू होने की घोषणा की। खिलाड़ियों ने एमजीडी टीम कैप्टन नंदिनी चौधरी के साथ खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न सिर्फ फिटनेस बढ़ाते हैं बल्कि जीवन में नेतृत्व और टीम भावना भी सिखाते हैं।

चार दिनों तक चलने वाले इस नेशनल टूर्नामेंट में मेजबान एमजीडी गर्ल्स स्कूल सहित देशभर के 11 प्रमुख स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। इनमें द डेली कॉलेज (इंदौर), द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल (इंदौर), मॉडर्न स्कूल (बाराखंभा रोड, नई दिल्ली), डीपीएस (मथुरा रोड, नई दिल्ली), यादवेन्द्र पब्लिक स्कूल (मोहाली), मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल (राई), हैदराबाद पब्लिक स्कूल (बेगमपेट), द लॉरेंस स्कूल (लवडेल) और राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल (जोधपुर) की टीमें कोर्ट पर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

स्कूल डायरेक्टर श्रीमती अर्चना एस. मनकोटिया एवं प्राचार्या श्रीमती प्रमेंद्र खंगारोत ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के तुरंत बाद पहले दिन के रोमांचक लीग मुकाबलों की शुरुआत हुई।

जयपुर रेलवे क्रिकेट अकादमी की सात विकेट से जीत


जयपुर, 6 अक्टूबर। यति क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित प्रथमअंडर-14 श्याम कप 2026में जयपुर रेलवे क्रिकेट अकादमी ने यति क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यति क्रिकेट अकादमी की टीम35.5 ओवर में 128 रन पर ऑलआउटहो गई। अर्नव सिंह ने 28, आयुष यादव ने 23 और ध्रुव ठोलिया ने 18 रन बनाए। जयपुर रेलवे की ओर सेहर्षित सैनी ने 19 रन देकर चार विकेट, वैभव खटाना ने 24 रन देकर दो और कार्तिक सैनी ने 10 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर रेलवे क्रिकेट अकादमी ने24.1 ओवर में तीन विकेट पर 132 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।वैभव खटाना ने शानदार54 रनकी पारी खेली।

ऑल इंडिया सब-जूनियर बैडमिंटन में राजस्थान के सात खिलाड़ी दूसरे दौर में



जयपुर, 6 अक्टूबर। ऑल इंडिया सब-जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ के दूसरे दौर में जगह बनाई। आनंद मदेरणा, वयम लाम्बा, नेहल सिसोदिया, रितिका झमनानी, लक्षिता भारद्वाज, पदमजा सिंह और अंशुमन चौधरी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-15 बालक वर्ग मेंआनंद मदेरणाने तेलंगाना के अदवित सत्तू को 15-13, 15-12 औरवयम लाम्बाने तमिलनाडु के वेदांतरम को 15-12, 15-10 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग मेंनेहल सिसोदियाने महाराष्ट्र की विधि सैनी को 12-15, 15-13, 15-11 से तथारितिका झमनानीने तेलंगाना की हमसिनी माने को 15-6, 10-15, 15-6 से मात दी। अंडर-15 बालिका वर्ग मेंलक्षिता भारद्वाजने पंजाब की अनिका को 15-9, 10-15, 15-5 से औरपदमजा सिंहने तेलंगाना की कैलाश मोकसरी को 15-10, 15-8 से शिकस्त दी। अंडर-17 बालक वर्ग मेंअंशुमन चौधरीने कर्नाटक के सात्विक प्रभु को 15-13, 15-9 से पराजित किया। मिश्रित युगलमें वयम लाम्बा-लक्षिता भारद्वाज की जोड़ी ने एस. गन्नावारूप-पी. लिंगला को 15-11, 15-12 से तथा श्रेयांश चौधरी-पदमजा सिंह ने महाराष्ट्र की खुशी दीक्षित-ध्रुवी की जोड़ी को 15-17, 15-11, 15-12 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-15 बालिका युगल में राजस्थान कीयशविता मेंवाडा-खुशी शर्माकी जोड़ी ने अनवी रेडी गाडे-केहा कसोरोजा की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 15-13, 13-15, 15-9 से हराया। प्रतियोगिता में कई वरीय खिलाड़ियों को भी उलटफेर का सामना करना पड़ा। कर्नाटक के गौतम एस. नायर, निमिशा ओझा, जया सप्ता, निहारिका ए., अन्या प्रोदात्तुर और ख्याती को अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

30वीं विश्व एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक्स चैम्पियनशिप इटली-2026 में खन्ना का चयन



जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक्स संघ के सचिव परमेश्वर प्रजापत ने बताया कि भारतीय सेना में कार्यरत भारत खन्ना राजस्थान से प्रथम एक्रोबेटिक जिम्नास्ट हैं,जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। खन्ना द्वारा कई राष्ट्रीय खेल सहित जिम्नास्टिक्स की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया गया है। जिला जिम्नास्टिक्स संघ जोधपुर के सचिव डॉ. शक्ति सिंह रावलोत की अगुआई में भारत खन्ना के विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के उपरान्त जोधपुर आगमन पर स्वागत किया गया तथा भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर राष्ट्र व राज्य का नाम गौरवान्वित किए जाने हेतु शुभ कामनाएँ दी गई।

अंडर-23 में शतकों की धूम, गेंदबाज भी चमके







जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर-23 प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में मंगलवार को बल्लेबाजों का दबदबा रहा। पार्थ यादव ने 201, युवराज सिंह ने 140, देवकृत शर्मा ने 122, भुवन शर्मा ने 125, नमन जोशी ने नाबाद 114, अमित कुमार भारद्वाज ने 151, जतिन शर्मा ने 104, करण मिरोक ने 108 और कोहन कोठारी ने नाबाद 100 रनकी शतकीय पारियां खेलीं। गेंदबाजी मेंआभास श्रीमाली ने 5, यश यादव ने 5, अव्यांश सिंह ने 6 और राजीव दुकतावा ने 6 विकेटलेकर प्रभावित किया।

जयपुर ने कोटा को 9 विकेट से हराया।कोटा 84 रन पर आउट हुआ। आयुष अमेरिया ने 6 विकेट लिए। जयपुर ने भावित कुमावत के नाबाद 46 और श्रेय सक्सेना के नाबाद 30 रन से 86/1 बनाकर जीत दर्ज की।

राजसमंद ने नागौर को 3 विकेट से हराया।नागौर ने 175 रन बनाए। प्रणम्य चपलोत ने 4 विकेट लिए। राजसमंद ने सौरव कुमार यादव के 74 रन की मदद से 176/7 बनाकर मुकाबला जीता।

सवाईमाधोपुर ने झुंझुनूं को 7 विकेट से हराया।झुंझुनूं 146 रन पर आउट हुआ। कृष्ण कुमार गुप्ता, मो. सैफ और अभिजय भंडारी ने 3-3 विकेट लिए। सवाईमाधोपुर ने 148/3 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया।

झालावाड़ ने अजमेर को 88 रन से हराया।झालावाड़ ने 170 रन बनाए। तनवीर खान ने 4 और नावेद खान ने 3 विकेट लिए। अजमेर की टीम 82 रन पर सिमट गई।

बीकानेर ने प्रतापगढ़ को 9 विकेट से हराया।प्रतापगढ़ के 157 रन के जवाब में बीकानेर ने 158/1 रन बनाए। सचिन लखेसर ने 78 और सचिन बिश्नोई ने नाबाद 50 रन बनाए।

उदयपुर ने बांसवाड़ा को 10 विकेट से हराया।बांसवाड़ा 127 रन पर आउट हुआ। आभास श्रीमाली ने 5 विकेट लिए। उदयपुर ने कोहन कोठारी के नाबाद शतक (100) की बदौलत 128 रन बनाकर जीत दर्ज की।

हनुमानगढ़ ने बारां को 5 विकेट से हराया।बारां ने 121 रन बनाए। जवाब में हनुमानगढ़ ने आदित्य सैनी के 80 रन की मदद से 122/5 बनाकर मैच जीता।

जोधपुर ने सिरोही को 285 रन से हराया।जोधपुर ने 386/5 रन बनाए। युवराज सिंह ने 140 रन की शानदार पारी खेली। सिरोही 101 रन पर आउट हो गई। राजीव दुकतावा ने 6 विकेट लिए।

टोंक ने डूंगरपुर को 136 रन से हराया।टोंक ने 329/6 रन बनाए। धनंजय शर्मा ने 89, मो. अनस ने 72 और आदित्य वाधवा ने 66 रन बनाए। डूंगरपुर 193/6 रन ही बना सकी।

सीकर ने धौलपुर को 135 रन से हराया।सीकर ने 363/3 रन बनाए। पार्थ यादव ने 201 रन की तूफानी पारी खेली। जवाब में धौलपुर 228/9 रन बना सकी।

चूरू ने भरतपुर को 182 रन से हराया।चूरू ने 269 रन बनाए। अव्यांश सिंह ने 6 विकेट लेकर भरतपुर की पारी को 87/9 तक सीमित कर दिया।

करौली ने बूंदी को 112 रन से हराया।करौली ने 315/6 रन बनाए। अमित कुमार भारद्वाज ने 151 और जतिन शर्मा ने 104 रन बनाए। बूंदी 203 रन पर आउट हो गई।

श्रीगंगानगर ने जालोर को 148 रन से हराया।श्रीगंगानगर ने 350/7 रन बनाए। करण मिरोक ने 108 और शोभित मिश्रा ने 84 रन बनाए। जालोर 202/8 रन बना सका।

बाड़मेर ने दौसा को 45 रन से हराया।बाड़मेर ने 278/9 रन बनाए। दौसा की ओर से देवकृत शर्मा ने 122 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम 233 रन पर आउट हो गई।


अलवर ने पाली को 5 विकेट से हराया।पाली 129 रन पर आउट हुई। यश यादव ने 5 विकेट लिए। अलवर ने सौरभ गोदारा के 83 रन की मदद से 130/5 रन बनाकर जीत हासिल की।

चित्तौड़गढ़ ने जैसलमेर को 5 विकेट से हराया।जैसलमेर ने 252/8 रन बनाए। भुवन शर्मा ने 125 रन बनाए। जवाब में चित्तौड़गढ़ ने नमन जोशी की नाबाद 114 रन की पारी के दम पर 256/5 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

डब्ल्यूपीएल टी-20 2027 ऑक्शन में राजस्थान की चार महिला खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट

जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान की चार महिला क्रिकेटरों को आगामी डब्ल्यूपीएल टी20 2027 प्लेयर ऑक्शनके लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। विभिन्न फ्रेंचाइजी की मांग पर बीसीसीआई ने राजस्थान कीशानू सेन, शानू सिंह, सुमनन मीणा और यशस्वी कट्टाको ऑक्शन के लिए सूचीबद्ध किया है।

कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने पर उपमुख्यमंत्री ने दी बधाई



जयपुर, 6 अक्टूबर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सचिवालय में जयपुर निवासी एथलीट यशवीर सिंह से आत्मीय भेंट की। उन्होंने एशियन गेम्स 2026 में रजत पदक और कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में कांस्य पदक जीतकर देश और राजस्थान का गौरव बढ़ाने पर यशवीर सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दिया कुमारी ने यशवीर की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। खेल के क्षेत्र में यशवीर की उपलब्धियां युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और देश के लिए गौरव अर्जित करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के युवा खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर विभिन्न खेलों में देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।